आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं।
- द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कल 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।
- कला एवं संस्कृति निदेशालय राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से थिएटर कार्यशाला आयोजित करेगा।
- पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित होने वाले 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट' के लिए कल तक आवेदन किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं। बोर्ड के अनुसार, 87 प्रतिशत से अधिक आवेदनों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं, जबकि शेष परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे। सीबीएसई ने छात्रों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कल 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंडमान निकोबार कमान की ओर से त्रि–सेवा संयुक्तता और समग्र कल्याण की भावना को दर्शाते हुए, परिचालन अड्डों, वायु स्टेशनों, नौसेना प्रतिष्ठानों, तटरक्षक इकाइयों और जहाजों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम श्री विजयपुरम में आयोजित किया गया था, जहाँ कमान के चीफ ऑफ स्टाफ, मेजर जनरल अजय फिरोज़ शाह ने भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल के कर्मियों, रक्षा नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ सामान्य योग कार्यक्रम में भाग लिया।

अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रीतोब्रतो कुमार मित्रा की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, स्टाफ सदस्यों और पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने भाग लिया। योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक डॉ. एन. सेरा अरासन के मार्गदर्शन में किया गया।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण में योगाभ्यास संचालित किया गया। निकोबार जिले में भी "स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग" विषय के तहत 5 अलग–अलग स्थानों पर योगाभ्यास किया गया। जिला स्तरीय सामूहिक योग प्रदर्शन का आयोजन कार निकोबार के मलाक्का जेट्टी में किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक, एल. राहुल नायर उपस्थित थे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त डॉ. नवीन कुमार ने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। इसी तरह के 'योग संगम' कार्यक्रम ननकौड़ी, कैंपबेल बे, कच्छाल और तेरेसा में संबंधित सहायक आयुक्तों और चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों की देखरेख में आयोजित किए गए। इसके अलावा, योगाभ्यास को निरंतर बनाए रखने के लिए, बीजेआर अस्पताल में पहली जुलाई से आम जनता के लिए दैनिक योग कक्षाएं शुरू की जाएगी।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग केंद्रशासित प्रदेश योजना के तहत मछुआरों के लिए सब्सिडी कार्यक्रम 'मत्स्य पालन इनपुट की आपूर्ति – आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं' लागू कर रहा है। गैर–जनजातीय श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत और जनजातीय श्रेणी के लिए 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को द्वीपसमूह का मछुआरा या जनजाति, उनके पास पंजीकृत गैर–मोटरीकृत या मोटरीकृत मछली पकड़ने वाली नाव, साथ ही वर्तमान वर्ष सहित लगातार दो वर्षों का वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस होना चाहिए। इसके लिए वर्ष 2026–27 के दौरान आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं खरीदने के इच्छुक नगरपालिका और जनजातीय क्षेत्रों के मछुआरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन फॉर्म और विस्तृत नियम व शर्तें मत्स्य पालन निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों और नजदीकी मत्स्य उप–केंद्रों से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा फॉर्म प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन 30 जून तक मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालय या उप–केंद्र में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से थिएटर कार्यशाला आयोजित करेगा। यह कार्यशाला 25 जून से शुरू होगी। इसके लिए इच्छुक कलाकारों से आवेदन मांगे गए हैं। कार्यशाला में केवल 30 व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

इस कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रतिष्ठित संकायों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को अभिनय प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन अवसर पर एनएसडी द्वारा एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। आवेदन कल तक जमा किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कला एवं संस्कृति निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग सभी संबद्ध विभागों के सहयोग से छब्बीस से अट्ठाईस जून, तक प्रदर्शनी मैदान में 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट' का आयोजन करने जा रहा है। इसके साथ ही कार्बाइंस कोव समुद्र तट में बीच स्पोर्ट्स भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक होटल व्यवसायी, रेस्तरां मालिक, खाद्य विक्रेता, स्वयं सहायता समूह और व्यक्तिगत प्रतिभागी थीम–आधारित वस्तुओं की बिक्री और प्रदर्शनी के लिए जगह आरक्षित कर सकते हैं। इस उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय उद्यमों के लिए स्थायी आजीविका एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति चौबीस जून तक पर्यटन विभाग के ईमेल के माध्यम से अपना विवरण साझा कर सकते हैं। स्टॉल के लिए आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र कल दिन में ग्यारह बजे तक जमा किए जा सकते हैं। चौबीस जून को समिति द्वारा स्टॉल का आवंटन और आवंटन पत्र जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में जलवायु–अनुकूल और उच्च मूल्य वाली बागवानी को बढ़ावा देने के लिए उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी की ओर से वर्ष 2026–27 के दौरान एकीकृत बागवानी विकास मिशन के राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 'संरक्षित खेती' योजना लागू की गई है। संरक्षित खेती किसानों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति से निपटने, पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती हैं। इस परियोजना के तहत, पात्र किसानों को संरक्षित खेती संरचनाएं स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता प्राकृतिक रूप से हवादार पॉली हाउस, बांस, केबल पर्लिन पॉली हाउस, शेड नेट हाउस और वीड मैट के लिए उपलब्ध होगी। अधिक जानकारी के लिए विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों और संबंधित विस्तार कर्मचारियों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित रेड रोड से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय आयोजन का नेतृत्व करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। द्वीप समाचार ने भी इस समाचार को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के नेतृत्व में योगाभ्यास करने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने मनरेगा के कर्मियों द्वारा कल ग्रामीण विकास विभाग के समक्ष धरना प्रदर्शन करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के अंडमान निकोबार द्वीपसमूह दौरे के दौरान विकासात्मक कार्यों की समीक्षा किए जाने के समाचार को, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने द्वीपसमूह में नीट यूजी परीक्षा आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>